इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 22] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 3 जून 2011—ज्येष्ठ 13, शक 1933

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुर:स्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 मई 2011

क्र. डी-2-71-2002-6-एक.—श्री रमेश थेटे, भाप्रसे (म. प्र.-1993), तत्कालीन संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण, जबलपुर, मध्यप्रदेश को लोकायुक्त संगठन की विशेष पुलिस स्थापना द्वारा अपराध क्रमांक 46/2002 में, भारत सरकार की अभियोजन स्वीकृति उपरांत माननीय विशेष न्यायालय, भोपाल में दिनांक 18 फरवरी 2005 को चालान प्रस्तुत किये जाने पर श्री थेटे को दिनांक 23 फरवरी 2005 को अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1969 के नियम 3(3) के अन्तर्गत निलंबित किया गया. उक्त प्रकरण क्रमांक 06/2005 में दिनांक 12 अप्रैल 2007 को पारित आदेश में श्री थेटे को दोष सिद्ध पाए जाने से ऊपर उल्लेखित नियमों के नियम 14(1) के अन्तर्गत भेजे गए राज्य सरकार के प्रस्ताव दिनांक 25 जुलाई 2007 के क्रम में भारत सरकार द्वारा संघ लोक सेवा आयोग के परामर्श उपरांत श्री थेटे को आदेश दिनांक 29 जनवरी 2008 से सेवा से बर्खास्त किया गया. बर्खास्तगी के समय श्री थेटे वरिष्ठ वेतनमान में थे और निलंबनाधीन थे. श्री थेटे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर में दायर की गई क्रिमिनल अपील क्रमांक 865/2007 में पारित निर्णय दिनांक 21 दिसम्बर 2009 से अधीनस्थ न्यायालय द्वारा दिये गए दोषसिद्धि एवं दण्ड संबंधी निर्णय को अपास्त करते हुए श्री थेटे को दोषमुक्त करने और उक्त निर्णय के विरूद्ध मध्यप्रदेश शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर एस. एल. पी. दिनांक 29 मार्च 2010 को अपास्त किये जाने के परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार ने श्री रमेश थेटे, भाप्रसे (म. प्र.-1993) की सेवा से की गई बर्खास्तगी संबंधी आदेश दिनांक 29 जनवरी 2008

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2011.

को तत्काल प्रभाव से वापस लिये जाने के आदेश दिनांक 2 मई 2011 द्वारा पारित किये हैं और श्री थेटे को सूचित करने तथा आवश्यक अनुवर्ती कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं.

2. भारत सरकार के उक्त आदेश दिनांक 2 मई 2011 के अनुक्रम में राज्य शासन एतद्द्वारा श्री रमेश थेटे, भाप्रसे (म. प्र.-1993) को सेवा में बहाल मानते हुए तथा बर्खास्तगी के समय के उनके वेतनमान अनुसार और उसी प्रक्रम पर तत्काल प्रभाव से उन्हें अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय पदस्थ किया जाता है. श्री थेटे की निलंबन अवधि और बर्खास्तगी अवधि का निरकारण पृथक से किया जाएगा.

भोपाल, दिनांक 16 मई 2011

क्र. ई. 5-593-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री अशोक कुमार बर्णवाल, आयएएस., आयुक्त लोक शिक्षण तथा पदेन सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग को इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 11 मई 2011 द्वारा दिनांक 9 से 19 मई 2011 तक ग्यारह दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया है. (दिनांक 9 से 13 मई 2011 तक की अवधि एक्स इंडिया बतौर रहेंगी).

(2) श्री अशोक कुमार बर्णवाल की अवकाश अवधि में श्रीमती सुनीता त्रिपाठी, आएएएस, अपर परियोजना संचालक, माध्यमिक शिक्षा अभियान को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आयुक्त, लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 11 मई 2011 की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 18 मई 2011

क्र. ई. 5-290-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री एम. के. राय, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग को दिनांक 12 से 16 मई 2011 तक पांच दिन का लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री एम. के. राय, की अवकाश अवधि में श्रीमती आभा अस्थाना, आयएएस., अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति संसदीय कार्य विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री एम. के. राय को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री एम. के. राय द्वारा अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती आभा अस्थाना, अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग के प्रभार से मुक्त होंगी.

(5) अवकाशकाल में श्री एम. के. राय को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एम. के. राय, अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-160-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री दिलीप मेहरा, आयएएस., अध्यक्ष, राजस्व मंडल, मध्यप्रदेश, ग्वालियर को दिनांक 23 मई से 4 जून 2011 तक तेरह दिन लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 21, 22 मई 2011 एवं 5 जून 2011 का सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री दिलीप मेहरा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अध्यक्ष, राजस्व मण्डल, मध्यप्रदेश ग्वालियर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री दिलीप मेहरा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री दिलीप मेहरा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई.-5-416-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री के. सुरेश, आयएएस., सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को दिनांक 23 से 28 मई 2011 तक छह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 21, 22 एवं 29 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री के. सुरेश की अवकाश अवधि में श्री जी. पी. सिंघल, आय. ए. एस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री के. सुरेश को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री के. सुरेश द्वारा सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री जी. पी. सिंघल, सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री के. सुरेश को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. सुरेश अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 19 मई 2011

क्र. ई. 5-816-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री संजीव सिंह, आयएएस., कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर को दिनांक 1 से 10 जून 2011 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 11 एवं 12 जून 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री संजीव सिंह की अवकाश अवधि में श्री पी. एल. सोलंकी, राप्रसे., अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, नरसिंहपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर संजीव सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री संजीव सिंह द्वारा कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री पी. एल. सोलंकी, कलेक्टर, जिला नरसिंहपुर के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री संजीव सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजीव सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-823-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती शशि कर्णावत, आयएएस., उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग को दिनांक 16 मई से 10 जून 2011 तक छब्बीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती शशि कर्णावत को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती शशि कर्णावत को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती शशि कर्णावत अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई. 5-860-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) सुश्री मधुरानी तेवतिया, आयएएस., अनुविभागीय अधिकारी, जावरा, जिला रतलाम को दिनांक 28 अप्रैल से 7 मई 2011 तक दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 8 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर सुश्री मधुरानी तेवतिया को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अनुविभागीय अधिकारी, जावरा, जिला रतलाम के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में सुश्री मधुरानी तेवतिया को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि सुश्री मधुरानी तेवतिया अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

भोपाल, दिनांक 20 मई 2011

क्र. ई. 5-808-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री राजेन्द्र शर्मा, आयएएस., कलेक्टर, जिला रतलाम को दिनांक 13 से 25 जून 2011 तक तेरह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है

तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 11, 12 एवं 26 जून 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री राजेन्द्र शर्मा की अवकाश की अवधि में श्री राकेश श्रीवास्तव, राप्रसे., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रतलाम को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला रतलाम का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री राजेन्द्र शर्मा को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला रतलाम के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री राजेन्द्र शर्मा द्वारा कलेक्टर, जिला रतलाम का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री राकेश श्रीवास्तव, कलेक्टर, जिला रतलाम के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री राजेन्द्र शर्मा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेन्द्र शर्मा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई. 5-476-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री दीपक खाण्डेकर, आयएएस, प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री तथा प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विमानन विभाग तथा पर्यटन विभाग एवं पदेन आयुक्त, पर्यटन को इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 29 मार्च 2011 द्वारा दिनांक 23 मई से 10 जून 2011 तक उन्नीस दिन का अर्जित अवकाश तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 21, 22 मई एवं 11, 12 जून 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति सहित स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री दीपक खाण्डेकर अवकाश अवधि में श्री पंकज राग, आयएएस, आयुक्त-सह-संचालक, पुरातत्व संग्रहालय तथा संस्कृति विभाग एवं ट्रस्टी सचिव, भारत भवन को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ, अतिरिक्त रूप से, विमानन विभाग तथा आयुक्त, पर्यटन का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 29 मार्च 2011 की शेष कंडिकायें यथावत् रहेंगी.

भोपाल, दिनांक 23 मई 2011

क्र. ई.-1-149-2011-5-एक.— श्री बी. पी. सिंह, भाप्रसे (1984), विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मध्यप्रदेश मंत्रालय को अस्थाई रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग पदस्थ किया जाता है.

(2) उपरोक्तानुसार श्री बी. पी. सिंह द्वारा प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री आई. एस. दाणी, भाप्रसे (1980), प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग केवल प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

क्र. ई. 5-838-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री मनोहर दुबे, आयएएस., कलेक्टर, जिला सिवनी को निम्नानुसार अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

1. 23 से 31 मई 2011 तक आठ दिन (दिनांक 21, 22 मई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति सहित).

2. दिनांक 27 जून से 23 जुलाई 2011 तक सत्ताईस दिन (दिनांक 26 जून एवं 24 जुलाई 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति सहित).

(2) श्री मनोहर दुबे की अवकाश की अवधि में श्री भोंडवे संकेत शांताराम, आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, सिवनी को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला सिवनी का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री मनोहर दुबे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न कलेक्टर, जिला सिवनी के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री मनोहर दुबे द्वारा कलेक्टर, जिला सिवनी का कार्यभार ग्रहण करने पर में श्री भोंडेवे संकेत शांताराम, कलेक्टर जिला सिवनी के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री मनोहर दुबे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री मनोहर दुबे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अवनि वैश्य, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 23 मई 2011

क्र. एफ. ए. 5-16-2011-एक (1).— राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री एस. एन. अग्रवाल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ग्वालियर, खण्डपीठ ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

अ.क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	दि. 23-3-2011 से 01-04-2011 तक.	10 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित कम्युटेड अवकाश.	अवकाश के पश्चात् में दि. 02-04-11 से दि. 04-04-11 तक सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 19 मई 2011

क्र. बी-1-29-2011-2-एक.—श्री गोविन्द सिंह बामनिया, राज्य प्रशासनिक सेवा, संयुक्त कलेक्टर, नरसिंहपुर ने आवेदन-पत्र दिनांक 9 मार्च 2011 द्वारा उनका उप नाम बामनिया के स्थान पर चौहान करने का अनुरोध किया गया है.

(2) राज्य शासन एतद्द्वारा श्री गोविन्द सिंह बामनिया, राप्रसे के अनुरोध को स्वीकार करते हुए उनका उप नाम बामनिया के स्थान पर चौहान करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(3) उपरोक्तानुसार उप नाम परिवर्तन की प्रविष्टि श्री गोविन्द सिंह चौहान के सेवा अभिलेखों में की जायें.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. पंत, अवर सचिव ''कार्मिक''.

भोपाल, दिनांक 19 मई 2011

क्र. ई-5-498-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री प्रमोद कुमार दास, आयएएस., वि. क. अ.-सह-श्रमायुक्त, मध्यप्रदेश इन्दौर को दिनांक 18 अप्रैल से 5 मई 2011 तक अट्ठारह दिन का कार्योत्तर अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 16, 17 अप्रैल 2011 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री प्रमोद कुमार दास को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक स्थानापन्न वि. क. अ.-सह-श्रमायुक्त मध्यप्रदेश, इन्दौर के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री प्रमोद कुमार दास को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रमोद कुमार दास अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
व्ही. एस. तोमर, अवर सचिव ''कार्मिक''.

सामान्य प्रशासन विभाग
(सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ)
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 मई 2011

क्र. एफ. 11-36-06-सूअप्र-एक-9.—राज्य शासन एतद्द्वारा माननीय श्री पद्मपाणि तिवारी, मुख्य सूचना आयुक्त, मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग, भोपाल को दिनांक 25 से 28 अप्रैल 2011 तक चार दिवस के आकस्मिक अवकाश के साथ उपरोक्त चार दिवस की एल. टी. सी. यात्रा की अनुमति प्रदान करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अकीला हशमत, उपसचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 मई 2011

क्र. एफ-03-30-2011-दो ए(3).—राज्य शासन द्वारा सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 19 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र-सिविल विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित-केवल अधिनियम) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	उच्चस्तर	
	जबलपुर संभाग	
1	श्री हिम्मत सिंह सनोड़िया	राजस्व निरीक्षक
2	श्री चन्द्र शेखर सिंह (सश्रेय)	राजस्व निरीक्षक

(1)	(2)	(3)
	सागर संभाग	
3	श्री विजय राज	नायब तहसीलदार
	ग्वालियर संभाग	
4	श्री कृष्ण कुमार भोला	राजस्व निरीक्षक
5	श्री शिवसिंह कोरकू	राजस्व निरीक्षक
6	श्री मुन्ना लाल गौड़	राजस्व निरीक्षक
	उज्जैन संभाग	
7	श्री कैलाश परिहार	राजस्व निरीक्षक
8	डॉ. मधु तेवतिया	अनुविभागीय अधिकारी
	भोपाल संभाग	
9	श्री मेहताब सिंह	डिप्टी कलेक्टर
10	श्री राकेश पिप्पल	राजस्व निरीक्षक

निम्नस्तर

जबलपुर संभाग

1	श्री राजकुमार खरे	राजस्व निरीक्षक
2	श्री सुरेश कुमार उपाध्याय	राजस्व निरीक्षक
3	श्री धर्मेन्द्र साहू	राजस्व निरीक्षक
4	श्री तीरथ प्रसाद अक्षरया	राजस्व निरीक्षक
5	श्री चन्द्र किशोर ककोड़िया	राजस्व निरीक्षक
6	श्री राम कैलाश कौल	राजस्व निरीक्षक
7	श्री खगेश कुमार भलावी	राजस्व निरीक्षक
8	श्री हर्षवर्धन रामटेके	राजस्व निरीक्षक
9	श्री नरेन्द्र गनवीर	राजस्व निरीक्षक
10	श्री तेजलाल धुर्वे	राजस्व निरीक्षक
11	श्री प्रवीण फुलपगारे	डिप्टी कलेक्टर
12	श्री वीरसिंह चौहान	डिप्टी कलेक्टर
	सागर संभाग	
13	श्री बृज किशोर पाठक	राजस्व निरीक्षक
	ग्वालियर संभाग	
14	श्री महेश कुमार सोलंकी	राजस्व निरीक्षक
15	श्री लज्जाराम राजौरियां	राजस्व निरीक्षक
16	श्री रामनिवास शर्मा	राजस्व निरीक्षक
17	श्री सुरेन्द्र बाबू द्विवेदी	सहायक अधीक्षक
18	श्री विश्राम शाक्य	राजस्व निरीक्षक
19	श्री गोपाल सिंह तोमर	राजस्व निरीक्षक
20	श्री रमाशंकर शर्मा	राजस्व निरीक्षक
21	श्रीमती लक्ष्मी सोलंकी	राजस्व निरीक्षक
22	श्री रविशंकर शर्मा	राजस्व निरीक्षक
23	श्रीमती हेमा राजपूत	राजस्व निरीक्षक
24	श्री अशोक कुमार सिंह राजपूत	राजस्व निरीक्षक
25	श्री राकेश कुमार इमले	राजस्व निरीक्षक
26	श्री कृष्ण कुमार तिवारी	सहायक अधीक्षक
27	श्री राकेश कुमार वर्मा	राजस्व निरीक्षक
28	श्री दीनाराम काकोडिया	राजस्व निरीक्षक
29	श्री राजवीर सिंह भदौरिया	राजस्व निरीक्षक
	इन्दौर संभाग	
30	श्री योगेन्द्र राजवैद्य	राजस्व निरीक्षक
31	श्री रमेश कुमार रावते	राजस्व निरीक्षक
32	श्री विजय महाजन	राजस्व निरीक्षक
33	श्री रणजीत सिंह बघेल	राजस्व निरीक्षक
34	श्री गजराज सिंह सोलंकी	राजस्व निरीक्षक
35	श्री त्रिलोक चन्द्र नागौत्रा	राजस्व निरीक्षक
36	श्री मोहनलाल पालीवाल	राजस्व निरीक्षक
37	श्री मदन लाल टंगारे	राजस्व निरीक्षक
38	श्री अमर चन्द्र यादव	राजस्व निरीक्षक
39	श्री राम जीवन लभानियां	राजस्व निरीक्षक
40	श्री लखन लाल सोनी	राजस्व निरीक्षक
	उज्जैन संभाग	
41	श्री रामेश्वर डामर	राजस्व निरीक्षक
42	श्री सुरेश चन्द्र मिश्रा	राजस्व निरीक्षक
43	श्री विनोद पटेल	राजस्व निरीक्षक
44	श्री दयाराम निगम	राजस्व निरीक्षक
45	श्री जगदीश कुमार शर्मा	सहा. अधी. भू-अभिलेख
	भोपाल संभाग	
46	श्री गोपाल प्रसाद प्रजापति	राजस्व निरीक्षक.

भोपाल, दिनांक 16 मई 2011

क्र. एफ-03-31-2011-दो ए(3).—राज्य शासन द्वारा सामान्य प्रशासन, राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 17 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र द्वितीय-दाण्डिक विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई

थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)
	उच्चस्तर	
	होशंगाबाद संभाग	
1	श्री भरत यादव (सश्रेय)	सहायक कलेक्टर
2	श्री तेजस्वी एस. नायक (सश्रेय)	सहायक कलेक्टर
3	श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर	डिप्टी कलेक्टर
4	श्री भूपेन्द्र कुमार गोयल (सश्रेय)	डिप्टी कलेक्टर
	जबलपुर संभाग	
5	श्री अभिषेक सिंह	सहायक कलेक्टर
6	श्री चन्द्र शेखर सिंह (सश्रेय)	राजस्व निरीक्षक
7	श्री नरेन्द्र गनवीर (सश्रेय)	राजस्व निरीक्षक
8	श्री जगभान शाह उइके	राजस्व निरीक्षक
9	श्री झामसिंह हरकिरा	राजस्व निरीक्षक
10	कु. सुनीता खण्डायत	डिप्टी कलेक्टर
	सागर संभाग	
11	कु. नेहा भारतीय (सश्रेय)	डिप्टी कलेक्टर
12	श्री विजय राज (सश्रेय)	नायब तहसीलदार
	उज्जैन संभाग	
13	श्री तरूण कुमार पिंथौड़े	सहायक कलेक्टर
	रीवा संभाग	
14	श्री हृदयेश कुमार श्रीवास्तव (सश्रेय)	डिप्टी कलेक्टर
	भोपाल संभाग	
15	श्री रिंकेश कुमार वैश्य	सहायक कलेक्टर
	निम्नस्तर	
	जबलपुर संभाग	
1	श्री धर्मेन्द्र साहू	राजस्व निरीक्षक
2	श्री हिम्मत सिंह सनोड़िया	राजस्व निरीक्षक
3	श्री राम कैलाश कौल	राजस्व निरीक्षक
4	श्री सुरेश कुमार रानोडिया	राजस्व निरीक्षक
5	श्री प्रेम चन्द्र मर्सकोले	राजस्व निरीक्षक
6	श्री हर्षवर्धन रामटेके	राजस्व निरीक्षक

(1)	(2)	(3)
	ग्वालियर संभाग	
7	श्री राकेश कुमार इमले	राजस्व निरीक्षक
8	श्री कमल किशोर शर्मा	राजस्व निरीक्षक
	इन्दौर संभाग	
9	श्री कमल राय सुनहरे	राजस्व निरीक्षक
10	श्री त्रिलोक चन्द्र नागौत्रा	राजस्व निरीक्षक
	उज्जैन संभाग	
11	श्री वीर सिंह अवासिया	नायब तहसीलदार
12	श्री कैलाश परिहार	राजस्व निरीक्षक
	भोपाल संभाग	
13	श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव	सहा. अधि. भू-अभिलेख.

क्र. एफ-03-34-2011-दो ए(3).—राज्य शासन द्वारा सामान्य प्रशासन, राजस्व, भू-अभिलेख तथा आदिमजाति कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 18 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र द्वितीय-प्रशासनिक, राजस्व, विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)
	उच्चस्तर	
	इन्दौर संभाग	
1	श्री धनजी गरवाल	राजस्व निरीक्षक
2	श्री गजराज सिंह सोलंकी	राजस्व निरीक्षक
3	श्री मोहनलाल पालीवाल (सश्रेय)	राजस्व निरीक्षक
4	श्री मदन लाल टंगारे	राजस्व निरीक्षक
5	श्री अमर चन्द्र यादव	राजस्व निरीक्षक
6	श्री अरविन्द पाराशर	राजस्व निरीक्षक
7	श्री जगन्नाथ सांवले	नायब तहसीलदार
	ग्वालियर संभाग	
8	श्री कृष्ण कुमार भोला	राजस्व निरीक्षक
9	श्री लज्जाराम राजौरिया	राजस्व निरीक्षक
10	श्री शिवसिंह कोरकू	राजस्व निरीक्षक
11	श्री सुरेन्द्र बाबू द्विवेदी	सहायक निरीक्षक
12	श्री रमाशंकर शर्मा	राजस्व निरीक्षक
13	श्री अशोक कुमार सिंह राजपूत	राजस्व निरीक्षक (सश्रेय)

(1)	(2)	(3)
14	श्री राकेश कुमार इमले	राजस्व निरीक्षक
15	श्री शमशाद मोहम्मद खान	नायब तहसीलदार
16	श्री मुन्ना सिंह गुर्जर	राजस्व निरीक्षक
	जबलपुर संभाग	
17	श्री धर्मेन्द्र साहू	राजस्व निरीक्षक
18	श्री तीरथ प्रसाद अक्षरया	राजस्व निरीक्षक
19	श्री चंद्र किशोर ककोडिया	राजस्व निरीक्षक
20	श्री हिम्मत सिंह सनोडियां (सश्रेय)	राजस्व निरीक्षक
21	श्री खगेश कुमार भलावी	राजस्व निरीक्षक
22	श्री चन्द्र शेखर सिंह	राजस्व निरीक्षक
23	श्री नरेन्द्र कुमार खरे	राजस्व निरीक्षक
24	श्री हर्षवर्धन रामटेके	राजस्व निरीक्षक
25	श्री नन्द कुमारम् (सश्रेय)	सहायक कलेक्टर
26	श्री कुंज बिहारी रघुवंशी	सहा. अधी. भू-अभिलेख.
27	श्री पुष्पेन्द्र पाण्डेय (सश्रेय)	राजस्व निरीक्षक
	सागर संभाग	
28	श्री अशोक कुमार मौर्य	नायब तहसीलदार
29	श्री विजय राज (सश्रेय)	नायब तहसीलदार
30	श्री बृजकिशोर पाठक	राजस्व निरीक्षक
	उज्जैन संभाग	
31	श्री कैलाश परिहार	राजस्व निरीक्षक
	निम्नस्तर	
	इन्दौर संभाग	
1	श्री खूनी कुमार पंडोले	राजस्व निरीक्षक
2	श्री योगेन्द्र राजवैद्य	राजस्व निरीक्षक
3	श्री छगन लाल नागराज	राजस्व निरीक्षक
4	श्री रमेश कुमार रावते	राजस्व निरीक्षक
5	श्री सकरिया भिड़े	सहा. अधी. भू-अभिलेख
6	श्री पुनिया परमार	राजस्व निरीक्षक
7	श्री कमलराय सुनहरे	राजस्व निरीक्षक
8	श्री सुरेश चन्द्र जैन	ए.एस.एल.आर.
9	श्री त्रिलोक चन्द्र नागोत्रा	राजस्व निरीक्षक
10	श्री सन्तोष कुमार शौनकिया	राजस्व निरीक्षक
11	श्री भगवान सिंह कुशवाह	राजस्व निरीक्षक
12	श्री रामजीवन लभानियां	राजस्व निरीक्षक
13	श्री लखन लाल सोनी	राजस्व निरीक्षक
14	श्री दीपक कुमार गीते	राजस्व निरीक्षक
15	श्री मगन सिंह मण्डलोई	सहा. अधी. भू-अभिलेख
16	श्रीमती मीना मण्डलोई	सहा. परि. प्रशासक
	ग्वालियर संभाग	
17	श्री महेश कुमार सोलंकी	राजस्व निरीक्षक
18	श्री राजकुमार माहौर	राजस्व निरीक्षक
19	श्री राम कुमार जाटव	राजस्व निरीक्षक
20	श्री राम निवास शर्मा	राजस्व निरीक्षक
21	श्रीमती लक्ष्मी सोलंकी	राजस्व निरीक्षक
22	श्रीमती हेमा राजपूत	राजस्व निरीक्षक
23	श्री रविशंकर शर्मा	राजस्व निरीक्षक
24	श्री श्रीराम गोयल	सहा. अधी. भू-अभिलेख.
25	श्री विजय सिंह मौर्य	राजस्व निरीक्षक
26	श्री राजवीर सिंह भदौरिया	राजस्व निरीक्षक
	जबलपुर संभाग	
27	श्री राजकुमार खरे	राजस्व निरीक्षक
28	श्री सुरेश कुमार उपाध्याय	राजस्व निरीक्षक
29	श्री रामसेवक कोल	राजस्व निरीक्षक
30	श्री फुलेल कुमार रावत	राजस्व निरीक्षक
31	श्री अन्नी लाल मेहरा	अधीक्षक भू-अभिलेख.
32	श्री सुरेश कुमार सनोडिया	राजस्व निरीक्षक
33	श्री संजय कुमार दुबे	राजस्व निरीक्षक
34	श्री नरेन्द्र गनवीर	राजस्व निरीक्षक
35	श्री छोटे लाल चौहान	सहा. अधी. भू-अभिलेख.
36	श्री तेजलाल धुर्वे	राजस्व निरीक्षक
	उज्जैन संभाग	
37	श्री मांगीलाल चौहान	राजस्व निरीक्षक
38	श्री दयाराम निगम	राजस्व निरीक्षक
39	श्री रतन लाल डामोर	राजस्व निरीक्षक
40	श्री रघुनाथ मचार	राजस्व निरीक्षक
41	श्री रामेश्वर डामर	राजस्व निरीक्षक
42	श्री सुरेश चन्द्र मिश्रा	राजस्व निरीक्षक
43	श्री विनोद पटेल	राजस्व निरीक्षक
44	श्री जयदेव शर्मा	सहा. अधी. भू-अभिलेख.
45	श्रीमती शकुन्तला डामोर	जिला संयोजक

(1)	(2)	(3)
	रीवा संभाग	
46	श्री मानसिंह मेमार	सहा. अधी. भू-अभिलेख.
	भोपाल संभाग	
47	श्री राकेश पिप्पल	राजस्व निरीक्षक

भोपाल, दिनांक 23 मई 2011

क्र. एफ-03-35-2011-दो ए(3).—राज्य शासन द्वारा सहायक कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक भू-अभिलेख, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला कार्यालय के अधीक्षक, ग्रामीण विकास विभाग के विकासखण्ड अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, अनुसूचित जनजाति विभाग के जिला संयोजक, विकासखण्ड अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 21 जनवरी 2011 को प्रश्नपत्र-पंचायत राज विधि तथा प्रक्रिया (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थी को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनु.	परीक्षार्थी का नाम	पदनाम
(1)	(2)	(3)
	उच्चस्तर	
	सागर संभाग	
1	श्री विजय राज	नायब तहसीलदार
	निम्नस्तर	
	जबलपुर संभाग	
1	श्री तीरथ प्रसाद अक्षरया	राजस्व निरीक्षक
2	श्री चन्द्र किशोर ककोडिया	राजस्व निरीक्षक
3	श्री हिम्मत सिंह सनोडिया	राजस्व निरीक्षक
4	श्री खगेश कुमार भलावी	राजस्व निरीक्षक
5	श्री भरतलाल पाटिलकर	सहा. अधि. भू-अभिलेख
6	श्री चन्द्र शेखर सिंह	राजस्व निरीक्षक
7	श्री हर्षवर्धन रामटेके	राजस्व निरीक्षक
8	श्री तेजलाल धुर्वे	राजस्व निरीक्षक
9	श्री पुष्पेन्द्र पाण्डेय	राजस्व निरीक्षक
	ग्वालियर संभाग	
10	श्री राजकुमार माहौर	राजस्व निरीक्षक
11	श्री कृष्ण कुमार भोला	राजस्व निरीक्षक
12	श्री लज्जाराम राजौरिया	राजस्व निरीक्षक
13	श्री शिवसिंह कोरकू	राजस्व निरीक्षक
14	श्री राम कुमार जाटव	राजस्व निरीक्षक
15	श्री राम निवास शर्मा	राजस्व निरीक्षक
16	श्रीमती लक्ष्मी सोलंकी	राजस्व निरीक्षक
17	श्रीमती हेमा राजपूत	राजस्व निरीक्षक
18	श्री मुकेश शर्मा	सहा. अधी. भू-अभिलेख.
19	श्री राकेश कुमार इमले	राजस्व निरीक्षक
20	श्री कृष्ण कुमार तिवारी	सहा. अधी. भू-अभिलेख.
21	श्री रमाशंकर शर्मा	राजस्व निरीक्षक
22	श्री रविशंकर शर्मा	राजस्व निरीक्षक
23	श्री अशोक कुमार सिंह राजपूत	राजस्व निरीक्षक
24	श्री धीरेन्द्र कुमार दुबे	राजस्व निरीक्षक
	इन्दौर संभाग	
25	श्री बिहारी लाल कुमरावत	राजस्व निरीक्षक
26	श्री रमेश कुमार रावते	राजस्व निरीक्षक
27	श्री गजराज सिंह सोलंकी	राजस्व निरीक्षक
28	श्री मोहन लाल पालीवाल	राजस्व निरीक्षक
29	श्री अमरचन्द्र यादव	राजस्व निरीक्षक
	भोपाल संभाग	
30	श्री लुहार सिंह चिचाम	अधीक्षक भू-अभिलेख
	उज्जैन संभाग	
31	श्री कैलाश परिहार	राजस्व निरीक्षक

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अम्बरीश श्रीवास्तव, उपसचिव.

ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 मई 2011

क्र. 4380-ए-एफ 3-23-2011-तेरह.—राज्य शासन, एतद्द्वारा, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक ई-1-149-2011-5-एक, दिनांक 13 मई 2011 के अनुसरण में श्री एन. के. व्यास, अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग एवं पदेन संचालक, संस्थागत (वित्त) को मध्यप्रदेश, मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध संचालक के पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से आगामी आदेश तक नियुक्त करता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. सी. दुबे, अवर सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 मई 2011

क्र. एफ 1(ए) 165-89-ब-2-दो.—श्री यू. सी. षंडगी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन), पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 6 से 15 जून 2011 तक, कुल दस दिवस का अर्जित अवकाश एवं दिनांक 5 जून 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री यू. सी. षंडगी, भापुसे को उक्त अवकाश अवधि में खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम भाग वर्ष 2010-11 में गृह नगर यात्रा की अवकाश यात्रा सुविधा के रूप में गृह नगर-''पुरी'' (उड़ीसा) जाने हेतु परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ यात्रा की अनुमति दी जाती है :—

1. श्री यू. सी. षंडगी	-	स्वयं
2. श्रीमती निलोत्पला षंडगी	-	पत्नी
3. मा. सिध्दांत षंडगी	-	पुत्र
4. कु. संस्कृति षंडगी	-	पुत्री

(3) श्री यू. सी. षंडगी, भापुसे की उक्त अवकाश अवधि में इन्हें सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन श्री आर.के. गुप्ता, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अपने कार्यों के साथ-साथ किया जायेगा.

(4) उक्त यात्रा हेतु स्वीकृत अवकाश का उपभोग करने के फलस्वरूप इनके अर्जित अवकाश खाते से 10 दिवस का अर्जित अवकाश घटाया जावेगा.

(5) उक्त यात्रा हेतु श्री यू. सी. षंडगी को 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(6) श्री यू. सी. षंडगी, भापुसे द्वारा पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर इनके अवकाश अवधि में इनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित अधिकारी उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(7) अवकाश से लौटने पर श्री यू. सी. षंडगी, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(8) अवकाशकाल में श्री यू. सी. षंडगी, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(9) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री यू. सी. षंडगी, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहेंगे.

भोपाल, दिनांक 23 मई 2011

क्र. एफ 1(ए) 120-93-ब-2-दो.—श्री के. बाबूराव, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, (अ.अ.वि.) पुलिस मुख्यालय, भोपाल को The Second Course of Phase-Iv Mid Career Training Programme में प्रशिक्षण हेतु दिनांक 16 मई से 24 जून 2011 तक राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद में एवं दिनांक 27 जून से 8 जुलाई 2011 तक कुल बारह दिवस यू.के. लंदन में प्रशिक्षण उपरांत दिनांक 11 से 15 जुलाई 2011 तक कुल पांच दिवस का अर्जित अवकाश (Ex-India) दिनांक 9, 10, 16 एवं 17 जुलाई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है:—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) अवकाश से लौटने पर, श्री के. बाबूराव, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, (अ.अ.वि.) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाश काल में श्री के. बाबूराव, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. बाबूराव, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते हैं तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 163-94-ब-2-दो.—श्री पंकज श्रीवास्तव, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, (अ.अ.वि.) पुलिस मुख्यालय, भोपाल को The Second Course of Phase-Iv Mid Career Training Programme में प्रशिक्षण हेतु दिनांक 16 मई से 24 जून 2011 तक राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में एवं दिनांक 27 जून से 8 जुलाई 2011 तक कुल बारह दिवस यू.के. लंदन में प्रशिक्षण उपरांत दिनांक 11 से, 15 जुलाई 2011 तक कुल पांच दिवस का अर्जित अवकाश (Ex-India) दिनांक 9, 10, 16 एवं 17 जुलाई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है:—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.

2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.

3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) अवकाश से लौटने पर, श्री पंकज श्रीवास्तव, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, (अ.अ.वि.) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री पंकज श्रीवास्तव, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री पंकज श्रीवास्तव, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते हैं तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 186-91-ब-2-दो.—श्री अजय कुमार शर्मा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिम), राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, पु.मु., भोपाल को दिनांक 25 मई से 2 जून 2011 तक नौ दिवस अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाकर उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 में गृह नगर यात्रा के बदले में सपरिवार ''श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर'' परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति दी जाती है:—

1.	श्री अजय कुमार शर्मा	-	स्वयं
2.	श्रीमती मोनिका शर्मा	-	पत्नी
3.	कु. ऐश्वर्या शर्मा	-	पुत्री
4.	आदित्य शर्मा	-	पुत्र

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री अजय कुमार शर्मा, भापुसे को 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में श्री अजय कुमार शर्मा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिम), राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, पु.मु., भोपाल का कार्य श्री एस.डब्ल्यू. नकवी, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (पूर्व), राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, पु.मु., भोपाल द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री अजय कुमार शर्मा, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिम), राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, पु.मु., भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री अजय कुमार शर्मा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिम), राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो, पु.मु., भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री अजय कुमार शर्मा, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अजय कुमार शर्मा, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 24 मई 2011

क्र. एफ 1(ए) 33-1997-ब-2-दो.—श्री ए. के. सिंह, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, (चयन/कल्याण) पुलिस मुख्यालय, भोपाल को The Second Course of Phase-Iv Mid Career Training Programme में दिनांक 16 मई से 24 जून 2011 तक राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में एवं दिनांक 27 जून से 8 जुलाई 2011 तक केम्ब्रीज यूनिवर्सिटी यू.के. लंदन में प्रशिक्षण उपरांत दिनांक 11 से 15 जुलाई 2011 तक कुल पांच दिवस का अर्जित अवकाश (Ex-India) दिनांक 9, 10, 16 एवं 17 जुलाई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है:—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.

2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.

3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) अवकाश से लौटने पर, श्री ए. के. सिंह, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, (चयन/कल्याण) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री ए. के. सिंह, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री ए. के. सिंह, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1(ए) 1-96-ब-2-दो.—(1) श्री एस. नायक, भापुसे, निदेशक (दूरसंचार), पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल, इन्दौर को

दिनांक 28 अगस्त से 20 अक्टूबर 2010 तक कुल चौवन दिवस एवं दिनांक 15 फरवरी से 25 मार्च 2011 तक कुल उन्चालीस दिवस के लघुकृत अवकाश की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री एस. नायक, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न निदेशक (दूरसंचार), पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल, इन्दौर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री एस. नायक, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. नायक, भापुसे उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 25 मई 2011

क्र. एफ 1(ए) 26-1994-ब-2-दो.—श्री उपेन्द्र कुमार जैन, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन, उज्जैन को दिनांक 27 जून से 8 जुलाई 2011 तक केम्ब्रीज (यूनाइटेड किंगडम)लंदन में प्रशिक्षण उपरांत दिनांक 11 से 15 जुलाई 2011 तक कुल पांच दिवस का अर्जित अवकाश (Ex-India) दिनांक 9, 10, 16 एवं 17 जुलाई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है:—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री उपेन्द्र कुमार जैन, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन, उज्जैन का कार्य श्री डी.एस. सेंगर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, इन्दौर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर, श्री उपेन्द्र कुमार जैन, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन, उज्जैन के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री उपेन्द्र कुमार जैन, भापुसे द्वारा अपने कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन, उज्जैन के कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाश काल में श्री उपेन्द्र कुमार जैन, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री उपेन्द्र कुमार जैन, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ 1(ए) 190-91-ब-2-दो.—श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर को दिनांक 1 से 10 जून 2011 तक दस दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 11 एवं 12 जून 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत करते हुये राज्य शासन द्वारा उन्हें खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 में गृह नगर यात्रा के बदले में, सपरिवार ''श्रीनगर, जम्मू एवं कश्मीर'' परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ अवकाश यात्रा पर जाने की अनुमति दी जाती है:—

1.	श्री एस. एम. अफजल	-	स्वयं
2.	श्रीमती रशिदा खातून	-	पत्नी
3.	सय्यद बरकात हैदर	-	पुत्र
4.	कु. कायनात	-	पुत्री

(2) उक्त यात्रा हेतु श्री एस. एम. अफजल, भापुसे को 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(3) उक्त अवकाश अवधि में श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर का कार्य श्री ए. एस. चौधरी, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर द्वारा अपने कार्य के साथ-साथ संपादित किया जायेगा.

(4) अवकाश से लौटने पर श्री एस. एम. अफजल, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(5) श्री एस. एम. अफजल, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, ग्वालियर का कार्यभार ग्रहण करने पर उक्त कण्डिका (3) में अतिरिक्त कार्यभार संपादित करने हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(6) अवकाशकाल में श्री एस. एम. अफजल, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(7) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री एस. एम. अफजल, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 27 मई 2011

क्र. एफ 1(ए) 157-95-ब-2-दो.—श्री संजीव शमी, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, (काउन्टर/असूचना) पु.मु., भोपाल को

The Second Course of Phase-IV Mid Career Training Programme में दिनांक 16 मई से 24 जून 2011 तक राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में एवं दिनांक 27 जून 2011 से 8 जुलाई 2011 तक केम्ब्रीज यूनिवर्सिटी यू.के. में प्रशिक्षण उपरांत दिनांक 11 से 15 जुलाई 2011 तक कुल छः दिवस का अर्जित अवकाश (Ex-India) दिनांक 9, 10 एवं 16, 17 जुलाई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ निम्नलिखित शर्तों के तहत स्वीकृत किया जाता है:—

1. विदेश में स्वास्थ्य/चिकित्सा आदि पर होने वाला व्यय वे स्वयं वहन करेंगे, राज्य शासन नहीं.
2. विदेश में शासकीय अथवा किसी निजी संस्था का आतिथ्य स्वीकार नहीं करेंगे.
3. विदेश में कोई Assignment नहीं लेंगे.

(3) अवकाश से लौटने पर, श्री संजीव शमी, भापुसे को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप पुलिस महानिरीक्षक, (काउन्टर/असूचना) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(5) अवकाश काल में श्री संजीव शमी, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजीव शमी, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ. 1(ए) 176-97-ब-2-दो.—द्वारा राज्य शासन के समसंख्यक आदेश दिनांक 10 मई 2011 द्वारा श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, पु. मु., भोपाल को दिनांक 29 अप्रैल से 13 मई 2011 तक कुल पन्द्रह दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 14 एवं 15 मई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया गया था.

(2) राज्य शासन द्वारा उक्त समसंख्यक आदेश को निरस्त करते हुये स्वीकृत अवकाश के स्थान पर दिनांक 9 से 20 मई 2011 तक कुल बारह दिवस का अर्जित अवकाश दिनांक 8 तथा 21, 22 मई 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(3) अवकाश काल में श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री के. पी. वेंकटेश्वर राव, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अशोक दास, प्रमुख सचिव.

भोपाल, दिनांक 20 मई 2011

क्र. एफ 1(ए) 267-86-ब-2-दो.—श्री यू. के. लाल, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, (शिकायत) पुलिस मुख्यालय भोपाल को दिनांक 13 से 25 जून 2011 तक कुल तेरह दिवस का अर्जित अवकाश, दिनांक 11,12,26 जून 2011 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ का साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री यू. के. लाल, भापुसे, अति. पुलिस महानिदेशक, (शिकायत) पुलिस मुख्यालय भोपाल को उक्त अवकाश अवधि में वर्तमान खण्ड वर्ष 2010-13 के प्रथम ब्लाक वर्ष 2010-11 में गृह नगर यात्रा के बदले में भारत में भ्रमण की पात्रता के तहत अवकाश यात्रा के अंतर्गत "नुब्रा वेली, लेह, जम्मू एवं कश्मीर" जाने हेतु परिवार के निम्नलिखित सदस्यों के साथ यात्रा की अनुमति दी जाती है:—

1.	श्री यू. के. लाल	स्वयं
2.	श्रीमती रंजना लाल	पत्नी
3.	श्री शांतनु श्रीवास्तव	पुत्र
4.	कु. सौम्या श्रीवास्तव	पुत्री

(3) श्री यू. के. लाल, भापुसे की उक्त अवकाश अवधि में इन्हें सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन श्री बी. बी. शर्मा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (शिकायत) पु. मु. भोपाल द्वारा अपने कार्यों के साथ-साथ किया जायेगा.

(4) उक्त यात्रा हेतु स्वीकृत अवकाश का उपभोग करने के फलस्वरूप इनके अर्जित अवकाश खाते से 12 दिवस का अर्जित अवकाश घटाया जायेगा.

(5) उक्त यात्रा हेतु श्री यू. के. लाल, को 10 दिवस के अवकाश नगदीकरण/समर्पण की पात्रता होगी एवं नगदीकृत दिवस इनके अर्जित अवकाश खाते से घटाये जायेंगे.

(6) श्री यू. के. लाल, भापुसे द्वारा, अति. पुलिस महानिदेशक, (शिकायत) पुलिस मुख्यालय भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर इनके अवकाश अवधि में इनके दायित्वों के निर्वहन हेतु निर्देशित अधिकारी उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(7) अवकाश से लौटने पर श्री यू. के. लाल, भापुसे को अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक स्थानापन्न अति. पुलिस महानिदेशक, (शिकायत) पुलिस मुख्यालय भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(8) अवकाश काल में श्री यू. के. लाल, भापुसे को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(9) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री यू. के. लाल, भापुसे अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अम्बरीश श्रीवास्तव, उपसचिव.

श्रम विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 मई 2011

क्र. एफ. 9-1-2004-ब-सोलह.—यत: कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 1 की उपधारा (5) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, उक्त अधिनियम के उपबंधों का विस्तार नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट स्थापनाओं के वर्ग पर करती हैं, जिसकी अधिसूचना फा. क्र. 9-1-2004-ब-सोलह, दिनांक 4 दिसम्बर, 2010 द्वारा उक्त धारा के अधीन अपेक्षित किए गए अनुसार एक माह की सूचना पूर्व में ही मध्यप्रदेश राजपत्र भाग—1 दिनांक 24 दिसम्बर, 2010 में प्रकाशित कर दी गई है:—

सारणी

स्थापनाओं का विवरण	क्षेत्र जहां स्थापनाएं स्थित हैं.
(1)	(2)
व्यक्तियों, न्यासों, सोसाइटियों या अन्य संगठनों द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाएं, (सार्वजनिक, निजी, सहायता प्राप्त या अंशत: सहायता प्राप्त को सम्मिलित करते हुए) जिनमें पूर्ववर्ती बारह मास के किसी भी दिन को 10 या अधिक व्यक्ति नियोजित हैं.	क्षेत्र, जहां उक्त अधिनियम की धारा-1 (3) और 1 (5) के अधीन पूर्व से ही प्रवृत्त की जा चुकी है.

F. No. 9-1-2004-B-XVI.—In exercise of the powers conferred by sub-section (5) of Section 1 of the Employees State Insurance Act, 1948, (No. 34 1948), the State Government, having already given one month's notice as required under the said section vide notification F. No. 9-1-2004-B-XVI dated 4th December, 2010, published in the Madhya Pradesh Gazette, part I Dated 24th December, 2010, hereby extend the provisions of the said Act to class of establishments specified in the table below:—

TABLE

Description of Establishments	Areas in which the establishments are situated
(1)	(2)
Educational Institutions (including public, private, aided or partially aided) run by individuals, trustees, societies or other orginations, wherein 10 or more persons are employed on any day of the preceding twelve months.	Areas where the aforesaid Act has already been brought into force under section 1 (3) and 1 (5) of the Act.

क्र. एफ. 9-3-2005-ब-सोलह.—यत: कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 (1948 का 34) की धारा 1 की उपधारा (5) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा उक्त अधिनियम के उपबंधों का विस्तार नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट स्थापनाओं के वर्ग पर करती है, जिसकी अधिसूचना फा. क्र. 9-3-2005-ब-सोलह, दिनांक 4 दिसम्बर, 2010 द्वारा उक्त धारा के अधीन अपेक्षित किए गए अनुसार एक माह की सूचना पूर्व में ही मध्यप्रदेश राजपत्र भाग-1 दिनांक 24 दिसम्बर, 2010 में प्रकाशित कर दी गई हैं :—

सारणी

स्थापनाओं का विवरण	क्षेत्र जहां स्थापनाएं स्थित हैं.
(1)	(2)
चिकित्सा संस्थानों, जिनमें निर्गमित क्षेत्र, संयुक्त क्षेत्र, न्यास, पूर्त और निजी स्वामित्व के ऐसे चिकित्सालय तथा नर्सिंग होम सम्मिलित हैं जिनमें पूर्ववर्ती बारह मास के किसी भी दिन को 10 या अधिक व्यक्ति नियोजित हैं.	क्षेत्र, जहां पूर्वोक्त अधिनियम की धारा-1 (3) और 1 (5) पूर्व से ही प्रवृत्त की जा चुकी है.

F- No. 9-3-2005-B-XVI.—In exercise of the powers conferred by sub-section (5) of Section 1 of the Employees State Insurance Act, 1948, (No. 34 1948), the State Government, having already given one month's notice as required under the said Section vide notification F- No. 9-3-2005-B-XVI dated 6th December, 2010 published in the Madhya Pradesh Gazette, Part I dated 24th December, 2010, hereby extend the provisions of the said Act to class of establishments specified in the table below :—

TABLE

Description of Establishments	Areas in which the establishments are situated
(1)	(2)
Medical Institutions including corporate sector, joint sector, trust, charitable and private ownership hospitals and nursing homes wherein 10 or more persons are employed on any day of the preceding twelve months.	Areas where the aforesaid Act has already been brought into force under section 1 (3) and 1 (5) of the Act.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. पी. कबीरपंथी, अपर सचिव.

चिकित्सा शिक्षा वभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 20 मई 2011

क्र. एफ. 4-19-2011-पचपन-2.—राज्य शासन एतद्द्वारा इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ. 4-25-75-17-मेडि-3, दिनांक 4 जुलाई 1983 तथा एवं 8-46-2005-3-पचपन, दिनांक 26 जून 2006 एवं मेडिकल मैन्युअल (संशोधित प्रकाशन 1940) के पैरा 476 में निम्नानुसार संशोधन करता है :—

संशोधन

इस विभाग के अधीन चिकित्सा/दंत महाविद्यालयों तथा चिकित्सालयों के आंतरिक रोगियों के लिये निर्धारित भोजन पर होने वाले व्यय रुपये 20.00 से बढ़ाकर 30.00 (रुपये तीस मात्र) प्रतिदिन प्रत्येक आंतरिक रोगियों के लिये निम्न तालिका अनुसार निर्धारित करता है :—

क्र.	स्वीकृत आहार	मात्रा ग्राम में	कीमत रुपये में
1	चावल/दलिया/आटा	400	07.50
2	दाल	85	03.90
3	हरी सब्जी	114	01.50
4	सलाद	85	00.65
5	सब्जी मसाला	85	01.65
6	फल	85	01.95
7	दूल	241	04.50
8	शक्कर/गुड़	57	01.50
9	घी/तेल	57	03.60
10	ईंधन	1000	03.25
		योग . .	30.00

यह स्वीकृति वित्त विभाग के क्रमांक यू. ओ. 151-आर-230-बजट-6-11, दिनांक 7-3-2011 द्वारा प्राप्त सहमति के क्रम में जारी की जा रही है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एस. कुमरे, उपसचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 23 मई 2011

फा. क्र. 17(ई)67-2008-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर कार्यालयीन आदेश दिनांक 20 अप्रैल 2011 को निरस्त करते हुए, उसके स्थान पर न्यायिक सेवा के सदस्य कु. शालिनी शर्मा, सिविल न्यायाधीश वर्ग की सेवाएं श्रम न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के पद पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश होने तक प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किये जाने हेतु श्रम विभाग को सौंपता है.

फा. क्र. 17(ई)4-2001-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, एतद्द्वारा, श्री देवी सिंह बर्मन, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, खण्डवा की सेवाएं उप कल्याण आयुक्त के पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त करने हेतु वेलफेयर कमिश्नर, भोपाल गैस पीड़ित, भोपाल की स्थापना पर, अस्थायी रूप से, आगामी आदेश होने तक, कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से सौंपता है.

भोपाल, दिनांक 24 मई 2011

फा. क्र. 17(ई)515-2008-इक्कीस-ब(दो)**संशोधन**.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 27-4-2011 में हिन्दी के आदेश में पंक्ति क्र. 4 तथा अंग्रेजी के आदेश के पंक्ति क्र. 5 में त्रुटिवश जबलपुर के स्थान पर सीहोर टंकित हुआ है. अतः आदेश दिनांक 27-4-2011 के हिन्दी एवं अंग्रेजी आदेश में सीहोर के स्थान पर ''जबलपुर'' पढ़ा जावें.

फा. 3-(बी)-2011-इक्कीस-ब (एक).—निम्नतर न्यायिक सेवा के सदस्य श्री विजय कुमार सिंह, सिविल न्यायाधीश वर्ग-1, शुजालपुर, जिला शाजापुर(वर्तमान में निलंबित, मुख्यालय उज्जैन) विरुद्ध संस्थित विभागीय जांच के निष्कर्षों के आधार पर, उनके विरुद्ध कदाचरण किया जाना प्रमाणित पाए जाने पर, उनका कार्य संतोषजनक न होने के कारण मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की फुल कोर्ट मीटिंग दिनांक 21 मई 2011 में लिए गए निर्णय के फलस्वरूप मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने उक्त न्यायिक अधिकारी को सेवा से पृथक् (Removal from service) किए जाने की अनुशंसा की है.

उक्त न्यायिक अधिकारी के सेवा अभिलेख तथा समस्त सामग्री पर विचार करने के उपरांत, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की अनुशंसा से सहमत होते हुए, राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है श्री विजय कुमार सिंह सिविल न्यायाधीश वर्ग-1, शुजालपुर, जिला शाजापुर (वर्तमान में निलंबित, मुख्यालय उज्जैन) को दण्डस्वरूप सेवा से पृथक् (Removal from service) किया जाए.

अतः म. प्र. सिविल सर्विसेस (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10 (आठ) तथा म. प्र. सिविलि सर्विसेस (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के प्रावधानों के अनुसार राज्य

शासन, श्री विजय कुमार सिंह सिविल न्यायाधीश वर्ग-1, शुजालपुर, जिला शाजापुर (वर्तमान में निलंबित, मुख्यालय उज्जैन) को सेवा से पृथक् (Removal from service) करता है.

फा. 3(बी) 4-2011-इक्कीस-ब (एक).—निम्नतर न्यायिक सेवा के सदस्य श्री मोहम्मद मेहमूद खान, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, जबलपुर (वर्तमान में निलंबित, मुख्यालय कटनी) विरुद्ध संस्थित विभागीय जांच के निष्कर्षों के आधार पर, उनके विरुद्ध कदाचरण किया जाना प्रमाणित पाए जाने पर, उनका कार्य संतोषजनक न होने के कारण मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की फुल कोर्ट मीटिंग दिनांक 21 मई 2011 में लिए गए निर्णय के फलस्वरूप मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने उक्त न्यायिक अधिकारी को सेवा से पृथक् (Removal from service) किए जाने की अनुशंसा की है.

उक्त न्यायिक अधिकारी के सेवा अभिलेख तथा समस्त सामग्री पर विचार करने के उपरांत, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की अनुशंसा से सहमत होते हुए, राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है श्री मोहम्मद मेहमूद खान, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, जबलपुर जिला जबलपुर (वर्तमान में निलंबित, मुख्यालय कटनी) को दण्डस्वरूप सेवा से पृथक् (Removal from service) किया जाए.

अत: म. प्र. सिविल सर्विसेस (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 10 (आठ) तथा म. प्र. सिविल सर्विसेस (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के प्रावधानों के अनुसार राज्य शासन, श्री मोहम्मद मेहमूद खान, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, जबलपुर (वर्तमान में निलंबित, मुख्यालय कटनी) को सेवा से पृथक् (Removal from service) करता है.

क्र. 3 (ए)2-2011-इक्कीस-ब (एक).—यह कि आपने दिनांक 27 जून 2010 को 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर ली है.

यह कि, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की फुल कोर्ट मीटिंग दिनांक 21 मई 2011 में यह निर्णय लिया गया है कि लोकहित में आपको अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाए, तद्नुसार मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने परामर्श एवं अनुशंसा की है.

उच्च न्यायालय की ओर से प्रेषित सेवा संबंधी अभिलेख तथा अन्य दस्तावेजों का अवलोकन करने तथा समग्र रूप से विचार करने के उपरांत राज्य शासन ने यह निर्णय लिया है कि उच्च न्यायालय के परामर्श को मान्य किया जाकर आपको लिखित सूचना देकर लोक हित में सेवानिवृत्त किया जाए.

अतएव यथा संशोधित मध्यप्रदेश सिविल सेवा पेन्शन नियम, 1976 के नियम 42(1) (बी) एवं मूलभूत नियम 56 (2) (ए) तथा मध्यप्रदेश उच्चतर न्यायिक (सेवा भरती तथा सेवा शर्तें) नियम, 1994 के नियम 14 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन, एतद्द्वारा आपको इस आदेश की सूचना प्राप्ति की दिनांक के अपरान्ह से लोक हित में तत्काल प्रभाव से सेवा निवृत्त करता है.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री मायारानी** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 31 मई 2010 जारी कर **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर** के माध्यम से दिनांक 11 जून 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

सुश्री मायारानी को नोटिस दिनांक 11 जून 2010 को तामील कराया गया. अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 21 जून 2010 को एक अभ्यावेदन कलेक्टर कार्यालय सागर में प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने लेख किया कि '' . . . .नगरपालिका परिषद् गढाकोटा के चुनाव परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह के भीतर शासन द्वारा निर्धारित निर्वाचन व्यय का दिन प्रतिदिन का लेखा रजिस्टर, आवेदिका द्वारा, मय चुनाव में व्यय होने की जानकारी एवं प्राप्त रसीदों के साथ, नगरपालिका द्वारा लेखा जमा करने हेतु नियुक्त श्री दामोदर प्रसाद सैनी कर्मचारी नगरपालिका परिषद् गढाकोटा के समक्ष उपस्थित होकर जमा किया था तथा उक्त जानकारी जमा करते समय मैने व्यय जमा करने की पावती रसीद की भी संबंधित कर्मचारी से मांग की थी, तो उन्होंने कहा था कि इसकी क्या जरूरत पावती तुम्हारे घर पहुंच जायेगी.'' **कलेक्टर सागर** ने पत्र दिनांक 2 अगस्त 2010 में लेख किया कि अभ्यर्थी **सुश्री मायारानी** द्वारा चुनाव व्ययों का लेखा निर्धारित समय अवधि में नगरपालिका परिषद् के सैनी बाबू के पास जमा करने का लेख किया है जबकि व्यय लेखा दिनांक 22 जून 2010 को उप जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष मूल प्रति में जमा किया गया. अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत जवाब एकदम गलत व निराधार है. कलेक्टर सागर से **उक्त अभिमत प्राप्त होने पर विचारोपरांत** आयोग द्वारा दिनांक 9 फरवरी 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 9 मार्च 2011 को उपस्थित होने हेतु सूचना-पत्र जारी किया गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना-पत्र की तामीली कलेक्टर सागर द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2011 को कराई गई, किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुईं.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं हुई.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री मायारानी** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद् गढ़ाकोटा, जिला सागर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
(रजनी उइके)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 26 मई 2011

क्र. एफ. 67-201-10-तीन-818.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद खुरई जिला सागर** के आम निर्वाचन में **श्रीमती सुधा** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगरपालिका परिषद खुरई जिला सागर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16 जनवरी 2010 तक किन्तु 16 जनवरी 2010 एवं 17 जनवरी 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी **सागर** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **सागर** के पत्र क्र. 754/स्था.निर्वा./10 दिनांक 12 अप्रैल, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री सुधा** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती सुधा** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 12 मई 2010 जारी कर **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर** के माध्यम से दिनांक 26 मई 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्रीमती सुधा को नोटिस दिनांक 26 मई 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको **दिनांक 10 जून 2010** तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. कलेक्टर सागर ने पत्र दिनांक 5 अगस्त 2010 में लेख किया कि अभ्यर्थी से कारण बताओ नोटिस का जबाव आज दिनांक तक अप्राप्त है. **उक्त अभिमत प्राप्त होने पर विचारोपरांत** आयोग द्वारा दिनांक 10 फरवरी 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 28 फरवरी 2011 को उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र की तामीली 21 फरवरी 2011 को हुई किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नही हुई.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती सुधा** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद खुरई जिला सागर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-

(रजनी उइके)

सचिव,

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 26 मई 2011

क्र. एफ. 67-201-10-तीन-819.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने, नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ''निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997'' ''मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)'', दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगरपालिका परिषद खुरई जिला सागर** के आम निर्वाचन में **श्रीमती सुनीता अहिरवार** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. **नगरपालिका परिषद खुरई जिला सागर** के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 17 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 16 जनवरी 2010 तक किन्तु 16 जनवरी 2010 एवं 17 जनवरी 2010 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दिनांक 18 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी **सागर** के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, **सागर** के पत्र क्र. क 754/स्था.निर्वा./ /10, दिनांक 12 अप्रैल, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्रीमती सुनीता अहिरवार** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत न करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्रीमती सुनीता अहिरवार** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 12 मई 2010 जारी कर **कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, सागर** के माध्यम से दिनांक 26 मई 2010 को तामील कराया गया. कारण बताओ नोटिस में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्रीमती सुनीता अहिरवार को नोटिस दिनांक 26 मई 2010 को तामील कराया गया. अत: उनको **दिनांक 10 जून 2010** तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. कलेक्टर सागर ने पत्र दिनांक 5 अगस्त 2010 में लेख किया कि अभ्यर्थी से कारण बताओ नोटिस का जवाब आज दिनांक तक अप्राप्त है. **उक्त अभिमत प्राप्त होने पर विचारोपरांत** आयोग द्वारा दिनांक 6 जनवरी 2011 को सूचना जारी कर दिनांक 28 जनवरी 2011 को निर्वाच व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष उपस्थित होने बाबत् सूचित किया गया किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नहीं हुई. माननीय आयुक्त महोदय द्वारा अभ्यर्थी को सुनवाई का एक मौका और दिया गया. अत: दिनांक 10 फरवरी 2011 को अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय लेखों से संबंधित समस्त दस्तावेज लेकर माननीय राज्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष में दिनांक 28 फरवरी 2011 को उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र लिखा गया. व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र की तामीली 21 फरवरी 2011 को हुई किन्तु अभ्यर्थी उपस्थित नही हुई.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं. अत: आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अत:, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्रीमती सुनीता अहिरवार** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद खुरई जिला सागर** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,

हस्ता./-
(रजनी उइके)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

विधान सभा सचिवालय, मध्यप्रदेश

भोपाल, दिनांक 28 मई, 2011

क्र. 12226-वि.स.-स्था-11.—मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य विभाग के आदेश क्र. फा 3254-प्रस-विधि-2011-इक्कीस-ब (एक), भोपाल, दिनांक 28 मई 2011 द्वारा श्री राजकुमार पाण्डे, जिला जज (इंस्पेक्शन एवं विजीलेंस) जबलपुर जोन, जबलपुर की सेवायें विधान सभा सचिवालय को प्रतिनियुक्ति पर सौंपे जाने के फलस्वरूप उनकी प्रमुख सचिव के पद पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से आगामी आदेश तक के लिए नियुक्ति की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
डॉ. ए. के. पयासी, प्रमुख सचिव.

उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर

जबलपुर, दिनांक 2 मई 2011

क्र. C-3206-दो-3-1-36-भाग-पांच.—श्री ए. के. शर्मा, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, खण्डपीठ ग्वालियर की नियुक्ति/पदोन्नति दिनांक 1 मई 2011 से रिक्त होने वाले लेखा अधिकारी के पद पर वेतनमान रु. 10,000-325-15,200 (पुनरीक्षित वेतनबैंड रुपये 15600-39100+ग्रेड पे रुपये 6600) में, अस्थायी एवं स्थानापन्न रूप से, आगामी आदेश पर्यन्त, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर की स्थापना पर उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से की जाती है.

जबलपुर, दिनांक 3 मई 2011

क्र. B/1454-दो-14-1-2010.—रजिस्ट्री आदेश क्रमांक डी-179-दो-14-1-2009 जबलपुर, दिनांक 8 जनवरी 2010 "जिसके द्वारा श्री आशीष तिवारी को असिस्टेंट रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई थी" को तत्काल प्रभाव से वापस (Recalled) लिया जाता है तथा उन्हें निजी सचिव के पद पर वापस प्रतिवर्तित (Reverted back to the post of Private Secretary) किया जाता है.

माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय के आदेशानुसार,
सुभाष काकड़े, रजिस्ट्रार. जनरल.

जबलपुर, दिनांक 6 मई 2011

क्र. B-1495-दो-2-17-2011.—श्री गिरीश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उज्जैन को दिनांक 23 अप्रैल से 20 मई 2011 तक दोनों दिन सम्मिलित करते हुये अट्ठाईस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही अवकाश के पूर्व में दिनांक 22 अप्रैल 2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

अवकाश से लौटने पर श्री गिरीश कुमार शर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उज्जैन को उज्जैन पुनः पदस्थापित किया जाता है.

अर्जित अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्री गिरीश कुमार शर्मा उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जाते तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहते.

जबलपुर, दिनांक 7 मई 2011

क्र. C-3426-दो-2-14-2006.—श्री आलोक वर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सतना को दिनांक 2 से 7 मई 2011 तक दोनों दिन सम्मिलित करते हुये छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही अवकाश के पूर्व में दिनांक 1 मई 2011 के एवं पश्चात् में दिनांक 8 मई 2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

अवकाश से लौटने पर श्री आलोक वर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सतना को सतना पुनः पदस्थापित किया जाता है.

अर्जित अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्री आलोक वर्मा उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जाते तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहते.

क्र. C-3428-दो-2-16-2002.—श्री शिवनारायण द्विवेदी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरैना को दिनांक 18 से 21 मई 2011 तक चार दिन का अर्जित अवकाश एवं दिनांक 22 मई से 2 जून 2011 तक बारह दिन ग्रीष्मकालीन आवकाश स्वीकृत किया जाता है साथ ही अवकाश के पूर्व में दिनांक 17 मई 2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

अवकाश से लौटने पर श्री शिवनारायण द्विवेदी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुरैना को मुरैना पुनः पदस्थापित किया जाता है.

अर्जित अवकाश, ग्रीष्मकालीन अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्री शिवनारायण द्विवेदी उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जाते तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहते.

क्र. C-3440-दो-2-49-2009.—श्री जगदीश बाहेती जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा को दिनांक 9 से 13 मई 2011 तक दोनों दिन सम्मिलित करते हुये पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही अवकाश के पूर्व में दिनांक 8 मई 2011 के एवं पश्चात् में दिनांक 14 एवं 15 मई 2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

अवकाश से लौटने पर श्री जगदीश बाहेती, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा को खण्डवा पुनः पदस्थापित किया जाता है.

अर्जित अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्री जगदीश बाहेती उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जाते तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहते.

जबलपुर, दिनांक 9 मई 2011

क्र. C-3456-दो-2-5-2006.—श्रीमती जयश्री वर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शाजापुर को दिनांक 25 मार्च से 2 अप्रैल 2011 तक नौं दिन के स्वीकृत अर्जित अवकाश में से दिनांक 31 मार्च 2011 से 2 अप्रैल 2011 तक तीन दिन का अर्जित अवकाश, उपभोग नहीं करने के कारण निरस्त किया जाता है.

क्र. C-3458-दो-2-11-2004.—श्रीमती आराधना चौबे, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय सागर को दिनांक 18 से 21 अप्रैल 2011 तक चार दिन के पूर्व स्वीकृत अर्जित अवकाश के अनुक्रम में दिनांक 22 से 23 अप्रैल 2011 तक दो दिन का अर्जित अवकाश और स्वीकृत किया जाता है.

अवकाश से लौटने पर श्रीमती आराधना चौबे, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय सागर को सागर पुनः पदस्थापित किया जाता है.

अर्जित अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती आराधना चौबे उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जातीं तो प्रधान न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहतीं.

क्र. B-1537-दो-3-35-2011.—श्री आर. पी. वर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रतलाम को दिनांक 21 मार्च से 2 अप्रैल 2011 तक दोनों दिन सम्मिलित करके तेरह दिन का कम्प्युटेड अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही अवकाश के पश्चात् में दिनांक 3 एवं 4 अप्रैल 2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

अवकाश से लौटने पर श्री आर. पी. वर्मा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रतलाम को रतलाम पुनः पदस्थापित किया जाता है.

कम्प्यूटेड अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्री आर. पी. वर्मा उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जाते तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहते.

क्र. B-1539-दो-2-32-2010.—श्रीमती कनकलता सोनकर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कटनी को दिनांक 25 से 30 अप्रैल 2011 तक दोनों दिन सम्मिलित करके छः दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही अवकाश के पूर्व में दिनांक 24 अप्रैल 2011 के एवं पश्चात् में दिनांक 1 मई 2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

अवकाश से लौटने पर श्रीमती कनकलता सोनकर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कटनी को कटनी पुनः पदस्थापित किया जाता है.

अर्जित अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती कनकलता सोनकर उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जातीं तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहतीं.

क्र. B-1543-दो-2-39-2011.—श्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर को दिनांक 5 से 8 अप्रैल 2011 तक दोनों दिन सम्मिलित करते हुए चार दिन का कम्प्युटेड अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

अवकाश से लौटने पर श्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, ग्वालियर को ग्वालियर पुनः पदस्थापित किया जाता है.

कम्प्यूटेड अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जाते तो अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहते.

जबलपुर, दिनांक 10 मई 2011

क्र. C-3492-दो-2-46-2010.—श्रीमती दुर्गा डाबर, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, भोपाल को दिनांक 7 से 9 मार्च 2011 तक दोनों दिन सम्मिलित करते हुए तीन दिन का कम्प्यूटेड अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

अवकाश से लौटने पर श्रीमती दुर्गा डाबर, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, भोपाल को भोपाल पुनः पदस्थापित किया जाता है.

कम्प्यूटेड अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती दुर्गा डाबर सोनकर उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जातीं तो अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहतीं.

क्र. C-3494-दो-2-33-2010.—श्री रणजीत सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मण्डला को दिनांक 16 मई 2011 का एक दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही अवकाश के पूर्व में दिनांक 14 एवं 15 मई 2011 के एवं पश्चात् में दिनांक 17 मई 2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

अवकाश से लौटने पर श्री रणजीत सिंह, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मण्डला को मण्डला पुनः पदस्थापित किया जाता है.

अर्जित अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्री रणजीत सिंह उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जाते तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहते.

जबलपुर, दिनांक 18 मई 2011

क्र. E-2289-दो-2-37-2010.—श्री जे. एस. क्षत्रिय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डिण्डौरी को दिनांक 6 से 17 जून 2011 तक बारह दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं दिनांक 18 जून 2011 का एक दिन अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही अवकाश के पूर्व में दिनांक 5 जून 2011 के एवं पश्चात् में दिनांक 19 जून 2011 के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति प्रदान की जाती है.

अवकाश से लौटने पर श्री जे. एस. क्षत्रिय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डिण्डौरी को डिण्डौरी पुनः पदस्थापित किया जाता है.

अर्जित/ग्रीष्मकालीन अवकाशकाल में उन्हें अवकाश वेतन तथा भत्ता उसी दर से देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के तत्काल पूर्व मिलता था.

प्रमाणित किया जाता है कि श्री जे. एस. क्षत्रिय, उपरोक्तानुसार अवकाश पर नहीं जाते तो जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर कार्यरत रहते.

माननीय प्रशासनिक न्यायाधिपति महोदय के आदेशानुसार,
ए. एम. येवलेकर, रजिस्ट्रार.

जबलपुर, दिनांक 4 मई 2011

क्र. 688-गोपनीय-2011-दो-2-1-2011 (भाग-बी).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, निम्न सारणी के स्तम्भ क्रमांक (2) में उल्लिखित न्यायिक अधिकारी को उनके नाम के समक्ष उक्त सारणी के स्तम्भ क्रमांक (3) में दर्शाये अनुसार उल्लिखित न्यायालय के न्यायाधीश उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करता है :—

सारणी

क्रमांक	अधिकारी का नाम	न्यायालय में पदस्थापना के संदर्भ में टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
1	श्रीमती रहस बिहारी गुप्ता, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विदिशा.	प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विदिशा की हैसियत से रिक्त पद पर.
2	श्री अजय श्रीवास्तव, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विदिशा.	तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विदिशा की हैसियत से श्री रहस बिहारी गुप्ता के स्थान पर.

जबलपुर, दिनांक 7 मई 2011

क्र. 708-गोपनीय-2011-दो-3-1-2011 (भाग-बी).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, निम्न सारणी के स्तम्भ क्रमांक (2) में उल्लिखित न्यायिक अधिकारी को उनके नाम के समक्ष उक्त सारणी के स्तम्भ क्रमांक (3) में दर्शाये अनुसार उल्लिखित न्यायालय के न्यायाधीश उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करता है :—

सारणी

क्रमांक	अधिकारी का नाम	न्यायालय में पदस्थापना के संदर्भ में टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
1	श्री अमर सिंह सिसौदिया, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, कुक्षी के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, कुक्षी, जिला धार.	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, कुक्षी, जिला धार की हैसियत से श्री दयाराम कुमरे के स्थान पर.
2	श्री कलम सिंह मेडा, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, सरदारपुर के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, सरदारपुर, जिला धार.	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, सरदारपुर, जिला धार की हैसियत से श्री हेमन्त कुमार यादव के स्थान पर.

जबलपुर, दिनांक 10 मई 2011

क्र. 717-गोपनीय-2011-दो-2-1-2011 (भाग-बी).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, निम्न सारणी के स्तम्भ क्रमांक (2) में उल्लिखित न्यायिक अधिकारी को उनके नाम के समक्ष उक्त सारणी के स्तम्भ क्रमांक (3) में दर्शाये अनुसार उल्लिखित न्यायालय के न्यायाधीश उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करता है :—

सारणी

क्रमांक	अधिकारी का नाम	न्यायालय में पदस्थापना के संदर्भ में टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
1	श्री दीपक कुमार अग्रवाल, बारहवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इन्दौर.	द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इन्दौर की हैसियत से श्री श्रवण कुमार रघुवंशी के स्थान पर.
2	श्री प्रेम कुमार सिन्हा ग्यारहवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इन्दौर.	बारहवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इन्दौर की हैसियत से श्री दीपक कुमार अग्रवाल के स्थान पर.

जबलपुर, दिनांक 11 मई 2011

क्र. 722-गोपनीय-2011-दो-2-1-2011 (भाग-बी).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, निम्न सारणी के स्तम्भ क्रमांक (2) में उल्लिखित न्यायिक अधिकारी को उनके नाम के समक्ष उक्त सारणी के स्तम्भ क्रमांक (3) में दर्शाये अनुसार उल्लिखित न्यायालय के न्यायाधीश उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करता है :—

सारणी

क्रमांक	अधिकारी का नाम	न्यायालय में पदस्थापना के संदर्भ में टिप्पणी
(1)	(2)	(3)
1	श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह, बीसवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जबलपुर.	दसवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जबलपुर की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.

उच्च न्यायालय के आदेशानुसार,
सुभाष काकडे, रजिस्ट्रार जनरल.

Jabalpur, the 3rd May 2011

No. 90-CJ-II-899.–WHEREAS, a Charge Sheet u/Ss. 395, 397, 427, 120-B IPC has been filed against Shri S. S. Parmar, Additional District & Sessions Judge, Rahli, District Sagar, in the Court of Special Judge, (Dacoity Affected Area), Jhansi (U.P.).

AND WHEREAS, serious nature of the acts of misconduct warrant his suspension from service, pursuant to powers conferred on the High Court as Disciplinary Authority under the proviso to sub-rule (1) (b) of Rule 9 of M. P. Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1966, and all other powers enabling the High Court to place a Judicial Officer under suspension, in its control, the High Court hereby places Shri S. S. Parmar, Additional District & Sessions Judge, Sagar, under suspension with the headquarters at Gwalior, The High Court further directs that orders for payments of subsistence allowances shall be issued separately at the earliest.

No. 92-CJ-II-468.–WHEREAS, a departmental enquiry has been initiated against Shri O. P. Sunariya, Special Judge, Sidhi for showing act of grave misconduct.

AND WHEREAS, serious nature of the acts of misconduct warrant his suspension from service, pursuant to powers conferrd on the High Court as Disciplinary Authority under the sub-rule (1) of Rule 9 of M. P. Civil Services (Classification, Control and Appeal) Rules, 1966, and all other powers enabling the High Court to place a Judicial Officer under suspension, in its control, the High Court hereby places Shri O. P. Sunariya, Special Judge, Sidhi under suspension with the headquarters at Rewa. The High Court further directs that orders for payments of subsistence allowances shall be issued separately at the earliest.

No. 95-C.J.-II-865.—In the matter of Departmental Enquiry against Shri G. P. Agrawal, the then Additional District & Sessions Judge, Indore, presently under suspension with headquarters at Sehore, having considered the enquiry report and his reply to show cause notice dated 18-2-11 along with all relevant records, it has been resolved that the proceedings be dropped and the officer be exonerated from the charges. The order of suspension shall stand revoked. The period of suspension shall be treated on duty for all purposes.

By order of the High Court,

K. D. KHAN, Principal Registrar
(Inspection & Vigilance).

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश (सैट), जबलपुर

जबलपुर, दिनांक 4 मई 2011

क्र. 166-स्था.सैट-2011.—श्रीमती एम. जिल्ला, निजी सचिव, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश (सैट) खण्डपीठ, इन्दौर को दिनांक 26 फरवरी से 1 मार्च 2011 तक कुल चार दिवस का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया है साथ ही सार्वजनिक अवकाशों के प्रारंभ एवं अंत में जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

अवकाशकाल में श्रीमती जिल्ला को अवकाश वेतन तथा भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व देय थे.

उक्त अवकाश से लौटने पर श्रीमती एम. जिल्ला, अवकाश पर नहीं जातीं तो निजी सचिव के पद पर कार्य करतीं रहतीं. अतः अवकाश अवधि दिनांक 26 फरवरी से 1 मार्च 2011 को मूलभूत नियम 25 (ब)(2) के अनुसार वेतनवृद्धि के लिये गिनी जावेगी.

ए. एम. येवलेकर, रजिस्ट्रार-कम-पी. पी. एस.

उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर

जबलपुर, दिनांक 4 मई 2011

क्र. 692-गोपनीय-2011-दो-2-1-2011 (भाग-ए).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 के अधीन एवं मध्यप्रदेश सिविल कोर्ट्स एक्ट, 1958 की धारा 8 की उपधारा (1) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, निम्न सारणी के स्तम्भ (2) में दर्शित उच्च न्यायिक सेवा के अधिकारी को उनके समक्ष स्तम्भ (3) में निर्दिष्ट स्थान से स्तम्भ (4) में निर्दिष्ट स्थान पर स्थानान्तरित कर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से तत्संबंधी स्तम्भ (6) में निर्दिष्ट विशेष न्यायाधीश की हैसियत से तथा मध्यप्रदेश शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग, की अधिसूचना क्र. फा.-1-2-90-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 26 अक्टूबर 1995, अधिसूचना क्र. फा.-1-2-90-इक्कीस-ब (एक), दिनांक 19 फरवरी 1997 एवं क्र. 1-2-90-इक्कीस-अ (एक), दिनांक 7 मई 1999 तथा क्रमांक फा. 1-2-90-इक्कीस-ब(एक), दिनांक 4 मई 2007 द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (1989 की संख्या 33) की धारा 14 के अधीन विनिर्दिष्ट सारणी के तत्संबंधी स्तम्भ (7) में निर्दिष्ट विशेष न्यायालय में पीठासीन अधिकारी के रूप में पदस्थ एवं नियुक्त करता है.

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 की संख्या 2) की धारा 9 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश उच्च न्यायिक सेवा के निम्न सारणी के स्तम्भ (2) में निर्दिष्ट अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष सारणी के स्तम्भ (5) में निर्दिष्ट सत्र खण्ड के लिए सत्र न्यायालय की अधिकारिता का प्रयोग करने के लिये अपर सत्र न्यायाधीश नियुक्त करता है :—

सारणी

क्रमांक	नाम	कहां से	कहां को	सत्र खण्ड का नाम	न्यायालय के संदर्भ में टिप्पणी	विशेष न्यायालय का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1	श्री राजेन्द्र कुमार सिंह गौतम	इंदौर	रीवा	रीवा	पीठासीन अधिकारी, विशेष न्यायालय की हैसियत से श्रीमती पारो रायजादा के स्थान पर.	रीवा
2	श्री श्रवण कुमार रघुवंशी	इंदौर	इंदौर	इंदौर	पीठासीन अधिकारी, विशेष न्यायालय की हैसियत से श्री आर. के. एस. गौतम के स्थान पर.	इंदौर
3	श्री अरुण सिंह तोमर	शिवपुरी	मुरैना	मुरैना	पीठासीन अधिकारी, विशेष न्यायालय की हैसियत से श्री पी. एस. कुशवाह के स्थान पर.	मुरैना
4	श्री प्रताप सिंह कुशवाह	मुरैना	भिण्ड	भिण्ड	पीठासीन अधिकारी, विशेष न्यायालय की हैसियत से श्री प्रभाकांत शुक्ला के स्थान पर.	भिण्ड
5	श्री प्रभाकांत शुक्ला	भिण्ड	शिवपुरी	शिवपुरी	पीठासीन अधिकारी, विशेष न्यायालय की हैसियत से श्री ए. एस. तोमर के स्थान पर.	शिवपुरी

क्र. 693-गोपनीय-2011-दो-2-1-2011 (भाग-बी).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों एवं मध्यप्रदेश सिविल कोर्ट्स एक्ट, 1958 की धारा 8 की उपधारा (1) के साथ पठित शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश निम्न सारणी के स्तम्भ (2) में दर्शित उच्च न्यायिक सेवा के निम्न अधिकारी (अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश) को उनके समक्ष स्तम्भ (3) में निर्दिष्ट स्थान से स्तम्भ (4) में निर्दिष्ट स्थान पर स्थानान्तरित कर उक्त न्यायिक अधिकारी के समक्ष स्तम्भ (6) में निर्दिष्ट अपर जिला न्यायाधीश की हैसियत से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पदस्थ करता है.

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 8 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, उच्च न्यायिक सेवा के निम्न अधिकारी को उनके नाम के समक्ष निम्नलिखित सारणी के स्तम्भ (5) में निर्दिष्ट सत्र खण्ड के लिए सत्र न्यायालय की अधिकारिता का प्रयोग करने के लिए उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अपर सत्र न्यायाधीश की हैसियत से नियुक्त करता है :—

सारणी

क्रमांक	नाम	कहां से	कहां को	सत्र खण्ड का नाम	न्यायालय में पदस्थापना के संदर्भ में टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	श्री प्रेम कुमार सिन्हा	उज्जैन	इंदौर	इंदौर	ग्यारहवें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.
2	श्री केशव सिंह तोमर	गरोठ	रहली	सागर	अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, रहली के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश की हैसियत से.
3	श्री अजय कुमार गर्ग	जोरा	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर	प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.

क्र. 694-गोपनीय-2011-दो-2-1-2011 (भाग-बी).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों एवं मध्यप्रदेश सिविल कोर्ट्स एक्ट, 1958 की धारा 8 की उपधारा (1) के साथ पठित शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश निम्न सारणी के स्तम्भ (2) में दर्शित अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट के पीठासीन अधिकारी) को सारणी के स्तम्भ (3) में निर्दिष्ट स्थान से स्तम्भ (4) में निर्दिष्ट स्थान पर स्थानान्तरित कर स्तम्भ (6) में निर्दिष्ट स्थान पर अपर जिला न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट के पीठासीन अधिकारी) की हैसियत से, उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पदस्थ करता है.

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 8 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश निम्न पीठासीन अधिकारी, फास्ट ट्रैक कोर्टस् को उनके नाम के समक्ष निम्नलिखित सारणी के स्तम्भ (5) में निर्दिष्ट सत्र खण्ड के लिए सत्र न्यायालय की अधिकारिता का प्रयोग करने के लिए उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अपर सत्र न्यायाधीश की हैसियत से नियुक्त करता है :—

सारणी

क्रमांक	नाम	कहां से	कहां को	सत्र खण्ड का नाम	न्यायालय में पदस्थापना के संदर्भ में टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	श्री मधुसुदन मिश्रा	ग्वालियर	जौरा	मुरैना	प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट), जोरा के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश की हैसियत से.

क्र. 695-गोपनीय-2011-दो-2-1-2008 (भाग-बी).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों एवं मध्यप्रदेश सिविल कोर्ट्स एक्ट, 1958 की धारा 8 की उपधारा (1) के साथ पठित शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश श्री ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीहोर का निलंबन उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश आदेश क्रमांक 95/C.J.-II/865, dated 3-5-2011 द्वारा खंडित (Revoke) होने के फलस्वरूप उन्हें द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गुना की हैसियत से रिक्त न्यायालय में उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पदस्थ करता है.

जबलपुर, दिनांक 5 मई 2011

क्र. 699-गोपनीय-2011-दो-3-1-2011 (भाग-ए).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश निम्नलिखित व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 तथा मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी/अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी को उसी हैसियत में स्थानांतरित कर उनके नाम के समक्ष अंकित स्थान एवं पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पदस्थ करता है.

दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2 सन् 1974) की धारा 12 की उपधारा (2)द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, निम्नलिखित व्यवहार न्यायाधीश को उनके नामों के समक्ष स्तम्भ (5) में अंकित जिले में मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी/अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की हैसियत से उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से नियुक्त करता है :—

सारणी

क्रमांक	नाम	कहां से	कहां को	पदस्थापना के जिले का नाम	न्यायालय में पदस्थापना के संदर्भ में टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	कु. प्रतिभा साठवणे	रीवा	बालाघाट	बालाघाट	प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 एवं मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी की हैसियत से.

क्र. 700-गोपनीय-2011-दो-3-1-2011 (भाग-ए).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश निम्नलिखित व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 तथा न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी को उसी हैसियत में स्थानांतरित कर उनके नाम के समक्ष अंकित स्थान एवं पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पदस्थ करता है :—

सारणी

क्रमांक	नाम	कहां से	कहां को	पदस्थापना के जिले का नाम	न्यायालय में पदस्थापना के संदर्भ में टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	श्री पदमेश शाह	देवास	छिंदवाड़ा	छिंदवाड़ा	तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.
2	श्री राजेश कुमार देवलिया	छतरपुर	बीना	सागर	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 की हैसियत से
3	श्री कृष्णदास महार	रीवा	सिवनी	सिवनी	द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.
4	श्री राजकुमार वर्मा	देवास	खरगोन	मण्डलेश्वर	तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 की हैसियत से नवनिर्मित न्यायालय में.
5	श्री देवीलाल सोनिया	खिलचीपुर	नरसिंहगढ़	राजगढ़	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 की हैसियत से श्री मोहम्मद अजहर के स्थान पर.
6	श्री संतोष कुमार गुप्ता	बिजावर	परासिया	छिंदवाड़ा	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-1 की हैसियत से

टिप्पणी क्रमांक.—(1) रजिस्ट्री आदेश क्रमांक 631-गोपनीय-2011-दो-3-1-2011 (भाग-ए), दिनांक 25 अप्रैल 2011 जहां तक इसका संबंध श्री महेश कुमार सैनी, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, अंजड़, जिला बड़वानी का अंजड़ से बालाघाट स्थानांतरण से है, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है, वे अपने वर्तमान पद पर कार्य करते रहेंगे तथा रजिस्ट्री आदेश क्रमांक 632-गोपनीय-2011-दो-3-2011, (भाग-ए) दिनांक 25 अप्रैल 2011, जहां तक इसका संबंध श्री शिवकांत, श्री शिवकांत, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, लौंडी, जिला छतरपुर का लौंडी से बीना जिला सागर स्थानांतरण से है, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है, वे कोलारस, जिला शिवपुरी के पद पर कार्य करते रहेंगे.

टिप्पणी क्रमांक.—(2) रजिस्ट्री आदेश क्रमांक 632-गोपनीय-2011-दो-3-1-2011 (भाग-ए), दिनांक 25 अप्रैल 2011 जहां तक इसका संबंध श्री राजेश कुमार देवलिया का छतरपुर से बिजावर जिला छतरपुर, श्री पदमेश शाह का देवास से परासिया जिला छिन्दवाड़ा, श्री कृष्णदास महार का रीवा से निवास जिला मण्डला, श्री राज कुमार वर्मा का देवास से अंजड़ जिला बड़वानी तथा श्री संतोष कुमार गुप्ता का बिजावर से छतरपुर स्थानांतरण से है, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

जबलपुर, दिनांक 7 मई 2011

क्र. 706-गोपनीय-2011-दो-3-1-2011 (भाग-बी).—भारतीय संविधान के अनुच्छेद 235 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश निम्नलिखित व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 एवं न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी को उसी हैसियत में स्थानांतरित कर उनके नाम के समक्ष अंकित स्थान एवं पद पर उनके कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से पदस्थ करता है :—

सारणी

क्रमांक	नाम	कहां से	कहां को	पदस्थापना के जिले का नाम	न्यायालय में पदस्थापना के संदर्भ में टिप्पणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	श्री दयाराम कुमरे	कुक्षी	सिवनी	सिवनी	द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.
2	श्री राजेन्द्र सिंह सिंगार	कुक्षी	नलखेड़ा	शाजापुर	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से डॉ. धर्मेन्द्र कुमार टाडा के स्थान पर.
3	डॉ. धर्मेन्द्र कुमार टाडा	नलखेड़ा	सैलाना	रतलाम	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से श्री महेन्द्र मंगोदिया के स्थान पर.
4	श्री कौशल किशोर वर्मा	सुसनेर	डबरा	ग्वालियर	द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से श्री अमजद अली के स्थान पर.
5	श्री अमजद अली	डबरा	भोपाल	भोपाल	प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से श्रीमती प्रेमा साहू के स्थान पर.
6	श्रीमती प्रेमा साहू	भोपाल	शाजापुर	शाजापुर	तृतीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.
7	श्रीमती सोनल पटेल	बेगमगंज	शाजापुर	शाजापुर	चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से नवनिर्मित न्यायालय में.
8	श्री चन्दर सेन मुवेल	बड़वानी	बेगमगंज	रायसेन	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से श्रीमती सोनल पटेल के स्थान पर.
9	श्री मानवेन्द्र पवार	सिवनी	बड़वानी	बड़वानी	द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से श्री चन्दर सेन मुवेल के स्थान पर.
10	श्री मनीष कुमार पाटीदार	राजगढ़	खिलचीपुर	राजगढ़	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
11	श्री मेहन्द्र मंगोदिया	सैलाना	बुरहानपुर	बुरहानपुर	प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 बुरहानपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश की हैसियत से श्री विवेक सक्सेना के स्थान पर.
12	श्री विवेक सक्सेना	बुरहानपुर	बड़वाहा	मण्डलेश्वर	द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से रिक्त न्यायालय में.
13	श्री हेमन्त कुमार यादव	सरदारपुर	सुसनेर	शाजापुर	व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2 की हैसियत से श्री कौशल किशोर वर्मा के स्थान पर.

टिप्पणी क्रमांक.—(1) रजिस्ट्री आदेश क्रमांक 564-गोपनीय-2011-दो-3-1-2011 (भाग-बी), दिनांक 8 अप्रैल 2011 के द्वारा स्थानांतरित निम्नलिखित न्यायिक अधिकारियों को सूचित किया जाता है कि, उनके द्वारा उक्त स्थानांतरण आदेश के तहत किये गये स्थानांतरण के संबंध में जो अभ्यावेदन प्रस्तुत किये थे वे निरस्त कर दिये गये हैं, अत: उन्हें निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी पदस्थापना के नये स्थान पर पूर्व निर्देशानुसार कार्यभार ग्रहण करें :—

(2) श्री संकर्षण प्रसाद पाण्डे, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, सीधी.

(3) श्री विजय कुमार शर्मा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, मुरैना के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, मुरैना.

(4) कु. श्वेता गोयल, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, गुना के न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश, गुना.

टिप्पणी क्रमांक.—(2) 1. श्री कौशल किशोर वर्मा, व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, सुसनेर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, सुसनेर, जिला शाजापुर.

(2) श्री अमजद अली, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, डबरा, जिला ग्वालियर.

(3) श्रीमती सोनल पटेल, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, बेगमगंज, जिला रायसेन.

(4) श्री चन्दर सेन मुवेल, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, बड़वानी.

(5) श्री महेन्द्र मंगोदिया, व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, सैलाना, जिला रतलाम.

(6) श्री विवेक सक्सेना, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-2, बुरहानपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, बुरहानपुर के स्थानांतरण उनके अभ्यावेदन के आधार पर विचारोपरांत स्वयं के व्यय पर किये गये हैं.

उच्च न्यायालय के आदेशानुसार,
सुभाष काकडे, रजिस्ट्रार जनरल.

जबलपुर, दिनांक 10 मई 2011

क्र. बी-1547-तीन-6-4-81 भाग-पांच.—मध्यप्रदेश डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, 1981, (अधिनियम क्रमांक 36 सन् 1981) की धारा 6 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर, एतद्द्वारा अपनी अधिसूचना क्रमांक सी-4713-तीन-6-4-81 भाग-तीन, दिनांक 9 अक्टूबर 2006 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में अनुक्रमांक (1) तथा उससे संबंधित स्तंभ (2) में वर्णित वर्तमान प्रविष्टियों के स्थान पर

निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जावें :—

अनुसूची

क्र. (1)	अधिकारी का नाम एवं पदनाम, विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति के संबंध में (2)	क्षेत्र जिसके लिये विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति की गई (3)	शासन द्वारा निर्मित स्पेशल कोर्ट का नाम (4)
1	श्री भूपेन्द्र कुमार निगम, विशेष न्यायाधीश अनु. जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, पन्ना.	राजस्व जिला पन्ना	विशेष न्यायालय, पन्ना

No. B-1547-III-6-4-81 Pt-V.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of the Section 6 of Madhya Pradesh Dacoity Aur Vyapharan Prabhavit Kshetra Adhiniyam, 1981 (Act No. 36 of 1981) the High Court of Madhya Pradesh, Jabalpur hereby makes the following amendment in its Notification No. C-4713-III-6-4-81 Pt-III, dated 9th October 2006, namely :—

AMENDMENT

In the Schedule of the said Notification, in Serial No. (1), for the existing entries in Column No. 2, the following entries shall be substituted :—

S.No. (1)	Name & Designation of the Presiding Officer appointed in the Special Court (2)	Area for which the appointment made in Special Court (3)	Name of the Special Court established by the State Government (4)
1	Shri Bhoopendra Kumar Nigam, Special Judge, SC/ST (Prevention of Atrocities) Act, Panna.	Revenue District Panna	Special Court, Panna

जबलपुर, दिनांक 10 मई 2011

क्र. बी-1548-तीन-6-4-81 भाग-पांच.—मध्यप्रदेश डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, 1981, (अधिनियम क्रमांक 36 सन् 1981) की धारा 6 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर, एतद्द्वारा अपनी अधिसूचना क्रमांक सी-1719-तीन-6-4-81 भाग-पांच, दिनांक 19 जून 2008 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में अनुक्रमांक (1) तथा उससे संबंधित स्तंभ (2) में वर्णित वर्तमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जावें :—

अनुसूची

क्र. (1)	अधिकारी का नाम एवं पदनाम, विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति के संबंध में (2)	क्षेत्र जिसके लिये विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति की गई (3)	शासन द्वारा निर्मित स्पेशल कोर्ट का नाम (4)
1	श्री उपेन्द्र कुमार सिंह, अपर सत्र न्यायाधीश, टीकमगढ़.	राजस्व जिला टीकमगढ़	विशेष न्यायालय, टीकमगढ़

No. B-1548-III-6-4-81 Pt-V.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of the Section (6) of Madhya Pradesh Dacoity Aur Vyapharan Prabhavit Kshetra Adhiniyam, 1981 (Act No. 36 of 1981) the High Court of Madhya Pradesh, Jabalpur hereby makes the following amendment in its Notification No. C-1719-III-6-4-81 Pt-V, dated 19th June 2008 namely :—

AMENDMENT

In the Schedule of the said Notification, in Serial No. (1), for the existing entries in Column No. 2, the following entries shall be substituted :—

S.No.	Name & Designation of the Presiding Officer appointed in the Special Court	Area for which the appointment made in Special Court	Name of the Special Court established by the State Government
(1)	(2)	(3)	(4)
1	Shri Upendra Kumar Singh, Additional Sessions Judge, Tikamgarh.	Revenue District Tikamgarh.	Special Court, Tikamgarh

जबलपुर, दिनांक 10 मई 2011

क्र. बी-1549-तीन-6-4-81 भाग-पांच.—मध्यप्रदेश डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, 1981, (अधिनियम क्रमांक 36 सन् 1981) की धारा 6 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर, एतद्द्वारा अपनी अधिसूचना क्रमांक सी-1717-तीन-6-4-81 भाग-पांच, दिनांक 19 जून 2008 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में अनुक्रमांक (1) तथा उससे संबंधित स्तंभ (2) में वर्णित वर्तमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जावें :—

अनुसूची

क्र.	अधिकारी का नाम एवं पदनाम, विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति के संबंध में	क्षेत्र जिसके लिये विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति की गई	शासन द्वारा निर्मित स्पेशल कोर्ट का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री ओंकार नाथ, अपर सत्र न्यायाधीश, रीवा	दभौरा, पनवार, अतरेला, सिरमौर, जवा, जनेह तथा सेमरिया.	विशेष न्यायालय, रीवा

No. B-1549-III-6-4-81 Pt-V.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of the Section (6) of Madhya Pradesh Dacoity Aur Vyapharan Prabhavit Kshetra Adhiniyam, 1981 (Act No. 36 of 1981) the High Court of Madhya Pradesh, Jabalpur hereby makes the following amendment in its Notification No. C-1717-III-6-4-81 Pt-V, dated 19th June 2008 namely :—

AMENDMENT

In the Schedule of the said Notification, in Serial No. (1), for the existing entries in Column No. 2, the following entries shall be substituted :—

S.No.	Name & Designation of the PresidingOfficer appointed in the Special Court	Area for which the appointment made in Special Court	Name of the Special Court established by the State Government
(1)	(2)	(3)	(4)
1	Shri Omkar Nath, Additional Sessions Judge, Rewa.	Dabhora, Panwar, Aathrela, Sirmour, Java, Janeh & Semariya.	Special Court, Rewa

क्र. बी-1550-तीन-6-4-81 भाग-पांच.—मध्यप्रदेश डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, 1981, (अधिनियम क्रमांक 36 सन् 1981) की धारा 6 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर, एतद्द्वारा अपनी अधिसूचना क्रमांक सी-3813-तीन-6-4-81 भाग-चार, दिनांक 28 नवम्बर 2008 में निम्नलिखित संशोधन करता है, अर्थात् :—

संशोधन

उक्त अधिसूचना की अनुसूची में अनुक्रमांक (1) तथा उससे संबंधित स्तंभ (2) में वर्णित वर्तमान प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टियां प्रतिस्थापित की जावें :—

अनुसूची

क्र.	अधिकारी का नाम एवं पदनाम, विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति के संबंध में	क्षेत्र जिसके लिये विशेष न्यायाधीश की नियुक्ति की गई	शासन द्वारा निर्मित स्पेशल कोर्ट का नाम
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री प्रताप सिंह कुशवाह, विशेष न्यायाधीश अनु.जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, भिण्ड.	राजस्व जिला भिण्ड	विशेष न्यायालय, भिण्ड

No. B-1550-III-6-4-81 Pt-V.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2) of the Section (6) of Madhya Pradesh Dacoity Aur Vyapharan Prabhavit Kshetra Adhiniyam, 1981 (Act No. 36 of 1981) the High Court of Madhya Pradesh, Jabalpur hereby makes the following amendment in its Notification No. C-3813-III-6-4-81 Pt-IV, dated 28th November 2008 namely :—

AMENDMENT

In the Schedule of the said Notification, in Serial No. (1), for the existing entries in Column No. 2, the following entries shall be substituted :—

S.No.	Name & Designation of the Presiding Officer appointed in the Special Court	Area for which the appointment made in Special Court	Name of the Special Court established by the State Government
(1)	(2)	(3)	(4)
1	Shri Pratap Singh Kushwaha, Speicial Judge, SC/ST, (Prevention of Atrocities) Act, Bhind.	Revenue District Bhind	Special Court, Bhind

उच्च न्यायालय के आदेशानुसार,
अभय कुमार, रजिस्ट्रार (डीई).